**सं. डीएसआईआर/एमएस/2025/07**
**भारत सरकार**
**विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय**
**वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग**
**(भाग-I अवर्गीकृत)**

**विषय: मासिक सारांश (जुलाई, 2025)**

## इस माह के दौरान प्रमुख उपलब्धियाँ

## वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर)

## विकसित किए गए नवीन उत्पाद/प्रक्रियाएँ/प्रौद्योगिकियाँ

- **सीएसआईआर-सीआरआरआई**
    - निम्न के लिए प्रक्रियाएं विकसित की गई
        - स्टोन मैट्रिक्स डामर मिश्रण में बाइंडर रिटेंशन के लिए अनकोटेड सेल्यूलोज फाइबर पैलेट्स
        - अपशिष्ट प्लास्टिक कोटिंग का उपयोग करके एसएमए में अनुप्रयोग के लिए सेल्यूलोज़ पैलेट
- **सीएसआईआर-आईएचबीटी**
    - *पिक्रोरिज़ा कुरुआ* (एक हिमालयी औषधीय जड़ी बूटी)से प्रोटोप्लास्ट के पृथकन के लिए प्रक्रिया विकसित की गई ।
    - मधुमक्खी पराग आधारित रेडी-टू-ईट एनर्जी बार, मधुमक्खी पराग आधारित पेय मिश्रण और शहद आधारित मल्टीफ्रूट जैम जैसे शहद उत्पाद विकसित किए ।
- **सीएसआईआर-आईआईपी**
    - डीजल-मेथनॉल मिश्रण के लिए C-8 से C -16 आधारित एडिटिवज़ विकसित किए गए ।
    - मुर्गी के पंख से केराटिन प्रोटीन निकालने की प्रक्रिया विकसित की गई ।
- **सीएसआईआर-एनपीएल**
    - प्लाईवुड के अत्यधिक सुरक्षित फ्लोरोसेंट विशेषताओं को प्रसारित करने के लिए यूवी उत्तेजनीय लाल उत्सर्जक वर्णक हेतु प्रौद्योगिकी विकसित की गई
    - भारतीय स्मार्ट ग्रिड की समग्र सुरक्षा के लिए स्वदेशी फेजर मापन इकाई (पीएमयू) आधारित सुरक्षा रिले का विकास (प्रगति पर) ।

- 0.1 माइक्रो टेस्ला से 5000 माइक्रो टेस्ला तक के चुंबकीय क्षेत्र को मापने के लिए सॉफ्टवेयर के साथ-साथ चुंबकीय क्षेत्र डिटेक्टरों का डिजाइन, विकास और वैधीकरण।

## लाइसेंसप्राप्त/हस्तांतरित प्रौद्योगिकियाँ

- **सीएसआईआर-सीबीआरआई**
    - मेसर्स कैपिटल इंजीनियरिंग वर्क्स, हरिद्वार, उत्तराखंड को सुवाह्य सौर सहायता प्राप्त ऊष्मा पंप जल तापन प्रणाली प्रौद्योगिकी हस्तांतरित की गई।
- **सीएसआईआर-सीईसीआरआई**
    - प्रावरोधक समाधान के लिए मेसर्स जीवच कोटिंग प्राइवेट लिमिटेड, मुंबई को प्रौद्योगिकी हस्तांतरित की गई।
- **सीएसआईआर-सीएफटीआरआई**
    - स्पाईस ओलियोरेजिन के लिए प्रौद्योगिकी: हल्दी को मेसर्स ज़ैटाइन कॉस्मोकॉन फार्मा प्रा. लिमिटेड, कर्नाटक को हस्तांतरित किया गया।
- **सीएसआईआर-सीआरआरआई**
    - स्टोन मेट्रिक्स एसफाल्ट हेतु स्वदेशी पेलेटाइज्ड फाइबर की प्रौद्योगिकी मेसर्स अशिता रिन्यूएबल्स, मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश को हस्तांतरित की गई।
- **सीएसआईआर-आईएचबीटी**
    - निम्न के लिए प्रौद्योगिकियां
        - हब बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड, सोलन (हिमाचल प्रदेश) को हस्तांतरित आलू और सेब के अंत: पात्रे बड़े पैमाने पर प्रसार के लिए ऊष्मायन हेतु प्रयोगशाला सुविधा (तकनीकी सेवा के रूप में) का उपयोग करने हेतु प्रौद्योगिकी।
        - (i) हिमालय एपीरीज, ऊना (हिमाचल प्रदेश) में हस्तांतरित मधुमक्खी पराग आधारित उपयोग के लिए तैयार उत्पाद जैसे बार, पेय पदार्थ, (ii) सुगंधित शहद (सुगंधित शहद), (iii) शहद आधारित जैम के विनिर्माण/प्रसंस्करण हेतु।
        - सूरज श्री केमिकल्स लिमिटेड, नई दिल्ली को हस्तांतरित ब्राह्मी, जटामांसी, थाइम और तुलसी का एरोपोनिक उत्पादन और गुणवत्ता मूल्यांकन हेतु।
        - एबी साइंटिफिक सॉल्यूशंस कांगड़ा (एचपी) को हस्तांतरित नैफ्थोक्विनोन पिगमेंट (शिकोनिन डेरिवेटिव) हेतु।
- **सीएसआईआर-आईआईसीबी**
    - थालिर आरोग्यम एलएलपी को हस्तांतरित एक प्रभावी न्यूट्रास्युटिकल पूरक के रूप में आहार अनुपूरण हेतु डाइहाइड्रोफोलेट निर्माण प्रौद्योगिकी।
- **सीएसआईआर-एसईआरसी**

- मेसर्स आईएसी इलेक्ट्रिकल्स प्राइवेट लिमिटेड, कोलकाता को हस्तांतरित विद्‌युत लाइनों के लिए आपातकालीन पुनर्प्राप्ति प्रणाली (ईआरएस) की प्रौद्योगिकी ।

**शुरू की गई नई परियोजनाओं की संख्या (01/07/25-31/07/25)**

| प्रयोगशाला/संस्थान | सीएसआईआर | मंत्रालय/सरकारी /सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम | उद्योग/प्रायोजित / निजी |
|---|---|---|---|
| सीएसआईआर-4पीआई | 03 | शून्य | शून्य |
| सीएसआईआर-एम्प्री | 05 | 04 | शून्य |
| सीएसआईआर-सीबीआरआई | शून्य | 01 | 13 |
| सीएसआईआर-सीडीआरआई | शून्य | 01 | शून्य |
| सीएसआईआर-सीईसीआरआई | 01 | 01 | 02 |
| सीएसआईआर-सीरी | 01 | 04 | शून्य |
| सीएसआईआर-सीएफटीआरआई | शून्य | शून्य | 01 |
| सीएसआईआर-सीजीसीआरआई | 01 | शून्य | शून्य |
| सीएसआईआर-सीएलआरआई | शून्य | 03 | शून्य |
| सीएसआईआर-सीएमईआरआई | 01 | 01 | शून्य |
| सीएसआईआर-सीआरआरआई | 04 | 09 | 04 |
| सीएसआईआर-सीएसआईओ | 02 | 04 | शून्य |
| सीएसआईआर-सीएसएमसीआरआई | शून्य | 01 | 02 |
| सीएसआईआर-आईआईसीबी | शून्य | 01 | शून्य |
| सीएसआईआर-आईआईसीटी | 01 | 08 | 06 |
| सीएसआईआर-आईआईपी | 03 | 01 | 05 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| सीएसआईआर-आईएमएमटी | शून्य | 02 | 02 |
| सीएसआईआर-इमटैक | 01 | शून्य | शून्य |
| सीएसआईआर-एनएएल | 02 | 02 | शून्य |
| सीएसआईआर- एनबीआरआई | 02 | 01 | शून्य |
| सीएसआईआर-नीरी | शून्य | 04 | 06 |
| सीएसआईआर-एनजीआरआई | 01 | शून्य | शून्य |
| सीएसआईआर-एनआईआईएसटी | शून्य | 01 | 02 |
| सीएसआईआर-एनआईओ | शून्य | शून्य | 03 |
| सीएसआईआर-एनएमएल | 02 | शून्य | 04 |
| सीएसआईआर-एनपीएल | शून्य | 01 | 01 |
| सीएसआईआर-एसईआरसी | 01 | 05 | 05 |

**पीएचडी ज्वॉइन करने/पूरा करने वाले स्कॉलरों की संख्या (01/07/25-31/07/25)**

| **प्रयोगशाला/संस्थान** | **पूर्ण** |
|---|---|
| सीएसआईआर-सीडीआरआई | 06 |
| सीएसआईआर-सीईसीआरआई | 02 |
| सीएसआईआर-सीरी | 02 |
| सीएसआईआर-सीएफटीआरआई | 04 |
| सीएसआईआर-सीजीसीआरआई | 01 |
| सीएसआईआर-सीएलआरआई | 01 |
| सीएसआईआर-सीएसआईओ | 02 |
| सीएसआईआर-आईजीआईबी | 04 |
| सीएसआईआर- आईएचबीटी | 03 |
| सीएसआईआर-आईआईसीबी | 02 |
| सीएसआईआर-आईआईसीटी | 02 |
| सीएसआईआर-आईआईपी | 02 |

| | |
|---|---|
| सीएसआईआर-इमटैक | 02 |
| सीएसआईआर-नीरी | 01 |
| सीएसआईआर-एनजीआरआई | 01 |
| सीएसआईआर-एनआईआईएसटी | 06 |
| सीएसआईआर-एनपीएल | 06 |

**हस्ताक्षरित राष्ट्रीय सहयोग/करार/समझौता ज्ञापन**

- **सीएसआईआर-एम्प्री**
  - निम्न के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए
    - सिलिकॉन कार्बाइड (एसआईसी) सामग्री के संश्लेषण के लिए बीपीसीएल से प्राप्त उप-उत्पाद के उपयोग के लिए दिनांक 14/07/2025 को भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के साथ ।
    - अनुसंधान एवं विकास सहयोग के लिए दिनांक 11/07/2025 को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान हैदराबाद के साथ ।
- **सीएसआईआर-सीडीआरआई**
  - दिनांक 24/07/2025 को विथानिया सोम्नीफेरा अर्क तथा जन्मजात प्रतिरक्षा कोशिका अनुक्रिया पर इसके प्रमुख फाइटोकॉन्स्टिट्यएंट्स के यांत्रिक अध्ययन हेतु क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, लखनऊ (सीसीएआरएस) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर ।
- **सीएसआईआर-सीरी**
  - दिनांक 17/07/2025 को अनुसंधान एवं विकास सहयोग के लिए बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय, बीकानेर के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए ।
- **सीएसआईआर-सीएफटीआरआई**
  - निम्न के साथ हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन
    - दिनांक 05/07/2025 को देश में कुपोषण का समाधान करने और सरकारी तथा गैर-सरकारी क्षेत्रों में गेहूं के आटे और तेल के प्रबलीकरण कार्यक्रमों को लागू करने के लिए कर्नाटक स्वास्थ्य संवर्धन ट्रस्ट, बेंगलुरु के साथ ।
    - दिनांक 16/07/2025 को पारंपरिक स्वास्थ्य देखभाल और पोषण को बढ़ावा देने के लिए यूनानी चिकित्सा और आधुनिक खाद्य प्रौद्योगिकी के लिए केंद्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद (सीसीआरयूएम), नई दिल्ली के साथ ।

        - दिनांक 25/07/2025 को स्मार्ट प्रोटीन क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास के लिए अल्टरनेटिव प्रोटीन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड (गुड फूड इंस्टीट्यूट, भारत), मुंबई के साथ ।
        - CO2 अर्क और अन्य खाद्य-आधारित कच्चे माल पर अनुसंधान एवं विकास के लिए वन्ना एक्सट्रैक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, बैंगलोर के साथ ।
- **सीएसआईआर-सीमैप**
    - निम्न के साथ हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन
        - दिनांक 09/07/2025 को फार्माकोइअल मोनोग्राफ, वानस्पतिक, फाइटोकेमिकल संदर्भ मानकों और औषधीय अध्ययन के विकास के लिए भारतीय चिकित्सा एवं होम्योपैथी भेषजसंहिता आयोग, गाजियाबाद, के साथ ।
        - आपसी सहयोग के लिए केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद (सीसीआरएच), नई दिल्ली के साथ ।
        - दिनांक 25/07/2025 को मेघालय बेसिन प्रबंधन एजेंसी (एमबीएमए), शिलांग, मेघालय के साथ आपसी सहयोग के लिए ।
    - निम्न के साथ हस्ताक्षरित करार
        - दिनांक 28/07/2025 को हर्बल उत्पादों/हर्बिच्यू (तंबाकू और निकोटीन मुक्त कणों) के सूत्रण एवं मार्केट सीडिंग हेतु पल्लीश्री, कटक, ओडिशा के साथ ।
        - दिनांक 28/07/2025 को सहयोगात्मक परियोजना हेतु भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) नोएडा (भारत) के साथ ।
- **सीएसआईआर-सीएमईआरआई**
    - निम्न के साथ हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन
        - दिनांक 04/07/2025 को वैक्यूम कास्टिंग, लॉस्ट फोम कास्टिंग पर अनुसंधान एवं विकास सहयोग के लिए भारतीय फाउंड्रीमैन संस्थान (आईआईएफ), कोलकाता, पश्चिम बंगाल के साथ ।
        - दिनांक 17/07/2025 को अकादमिक और अनुसंधान एवं विकास सहयोग के लिए बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस (बिट्स), पिलानी के साथ ।
    - निम्न के साथ हस्ताक्षरित एम ओ ए
        - दिनांक 16/07/2025 को एचसीएफसी और कम जीडब्ल्यूपी प्रौद्योगिकियों के लिए तकनीकी सहायता सुविधा स्थापित करने हेतु पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय(एमओईएफसीसी), नई दिल्ली के साथ ।
        - (i) दिनांक 22/07/2025 को पेट्रोलियम रिफाइनरियों में अमोनियम क्लोराइड $NH_4Cl$ और अमोनियम बाई- सल्फाइड $NH_4HS$ एचएस संक्षारण के मूल्यांकन और उपचारात्मक समाधान हेतु चेन्नई पेट्रोलियम

कॉर्पोरेशन लिमिटेड, (सीपीसीएल), चेन्नई, (ii) इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड (ईआईएल), नई दिल्ली, (iii) भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) फरीदाबाद और (iv) सेंटर फॉर हाई टेक्नोलॉजी, नोएडा के साथ ।

- **सीएसआईआर-सीआरआरआई**
    - निम्न के साथ हस्ताक्षरित करार
        - दिनांक 02/07/2025 को अजमेर के लिए व्यापक गतिशीलता योजना हेतु अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर, राजस्थान, के साथ ।
        - दिनांक 16/07/2025 को निरंतर प्रबलित कंक्रीट फुटपाथ (सीआरसीपी) के निर्माण में प्रबलीकरण के रूप में (स्मार्टएफएबी) अनुप्रयोग के विकास हेतु मेसर्स टाटा स्टील लिमिटेड, मुंबई के साथ ।
        - दिनांक 16/07/2025 को "जेएसपीएल रायगढ़ और अंगुल स्टील प्लांट के एलडी/बीओएफ/ईओएफ और ईएएफ स्टील स्लैग के प्रोसेस्ड स्टील स्लैग एग्रीगेट्स के रूप में तकनीकी आर्थिक रूपांतरण के लिए अनुकूलित स्टील स्लैग वैल्यूएशन प्रक्रिया का विकास और स्टील स्लैग सड़कों के निर्माण" हेतु मेसर्स जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड, नई दिल्ली के साथ ।
- **सीएसआईआर-आईजीआईबी**
    - दिनांक 07/07/2025 को ऑटिज्म स्पेक्ट्रम विकारों के लिए जांच और चिकित्सा पर सहयोगात्मक अनुसंधान के लिए एफआरआईजीई इंस्टिट्यूट ऑफ ह्यूमन जेनेटिक्स, अहमदाबाद, गुजरात के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए ।
- **सीएसआईआर-आईएचबीटी**
    - निम्न के साथ अनुसंधान एवं विकास सहयोग के लिए हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन
        - दिनांक 02/07/2025 को भारतीय चिकित्सा एवं होम्योपैथी भेषजसंहिता आयोग (पीसीआईएम एंड एच), गाजियाबाद के साथ ।
        - दिनांक 02/07/2025 को त्रिपुरा विश्वविद्यालय, सूर्यमणिनगर त्रिपुरा के साथ ।
        - दिनांक 24/07/2025 को हिमएग्रो फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड, मंडी (हि.प्र.) के साथ ।
- **सीएसआईआर-आईआईसीबी**
    - निम्न के साथ हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन
        - दिनांक 10/07/2025 अनुसंधान सहयोग के लिए आईआईएसईआर, कोलकाता के साथ ।
        - दिनांक 17/07/2025 को बाल स्वास्थ्य संस्थान (आईसीएच) कोलकाता और हैदराबाद विश्वविद्यालय के बीच अनुसंधान सहयोग हेतु ।
- **सीएसआईआर-आईआईसीटी**

- निम्न के साथ हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन
  - दिनांक 04/07/2025 को सहयोगात्मक अनुसंधान के लिए राष्ट्रीय औषधि शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (एनआईपीईआर), अहमदाबाद के साथ ।
  - दिनांक 11/07/2025 को सहयोगात्मक अनुसंधान के लिए गुरु नानक विश्वविद्यालय, हैदराबाद के साथ ।

- **सीएसआईआर-आईआईपी**
  - शैक्षणिक सहयोग के लिए सरदार स्वर्ण सिंह राष्ट्रीय जैव ऊर्जा संस्थान, कपूरथला के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए ।
- **सीएसआईआर-आईएमएमटी**
  - निम्न के साथ हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन
    - निम्न श्रेणी के लोहे के लिए प्रयोगशाला स्तर पर लाभकारी अध्ययन हेतु स्टीलमंड प्राइवेट लिमिटेड के साथ ।
    - विज़न सेंसर और डीप लर्निंग आधारित इमेज प्रोसेसिंग के माध्यम से साइक्लेबल पीसीबी के पुनर्चक्रण में सोना, कॉपर, प्लैटिनम, पैलेडियम और चांदी की मात्रा का ऑनलाइन आकलन करने हेतु हिंडाल्को इंड. लिमिटेड के साथ ।
- **सीएसआईआर-एनएएल**
  - विविध क्षेत्रों के लिए मैग्नेटिक सेंसर इनोवेशन फॉर डाइवर्स सेक्टर (एमएसआईडीएस) शीर्षक परियोजना शुरू करने हेतु दिनांक 03/07/2025 को अनुसंधान और विकास तथा सीसीबीटी प्रभाग, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, नई दिल्ली के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए ।
- **सीएसआईआर-एनबीआरआई**
  - दिनांक 09/07/2025 को एएसयूऔरएच (आयुर्वेद, सिद्ध, यूनानी और होम्योपैथी) दवाओं और संबंधित अनुसंधान हेतु भारतीय चिकित्सा और होम्योपैथी भेषज संहिता आयोग (पीसीआईएमएंडएच), गाजियाबाद के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए ।
  - सूक्ष्म प्लास्टिक के निम्नीकरण के लिए माइक्रोबियल कन्सोर्शियम के अभिलक्षणन और मूल्यांकन हेतु दिनांक 24/07/20 को 25 डीबीटी, नई दिल्ली के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए ।
- **सीएसआईआर-नीरी**
  - निम्न के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए
    - विभिन्न पर्यावरणीय मुद्दों का प्रभावी ढंग से समाधान करने के लिए दिनांक 14/07/2025 को शहरी विकास निदेशालय (डीयूडी), त्रिपुरा के साथ ।
    - दिनांक 25/07/2025 को पर्यावरणीय और प्रौद्योगिकीय चुनौतियों के लिए बिट्स पिलानी के साथ ।

        - सामान्य रूप से राष्ट्रीय स्तर पर और विशेष रूप से पूर्वी और उत्तर पूर्वी क्षेत्र में पर्यावरण और स्थिरता के क्षेत्र में काम करने हेतु दिनांक 01/07/2025 को आईईएम-यूईएम समूह कोलकाता के साथ ।
- **सीएसआईआर-एनआईआईएसटी**
    - निम्न के साथ करार पर हस्ताक्षर किए
        - चिकित्सीय कैंसर अनुसंधान के क्षेत्र में अनुसंधान सहयोग हेतु मैसर्स अमला इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, त्रिशूर के साथ ।
        - भारतीय चिकित्सा पद्धति (आयुर्वेद) और अंतर्विषयी विज्ञान पर सहयोग हेतु केरल यूनिवर्सिटी ऑफ़ हेल्थ साइंसेज के अंतर्गत स्कूल ऑफ़ फंडामेंटल रिसर्च इन आयुर्वेद के साथ ।
        - प्रवाहकीय स्याही और पेस्ट के संभावित विनिर्माण और वाणिज्यीकरण हेतु मेसर्स प्रोटॉन पॉलिमर्स प्राइवेट लिमिटेड, मुंबई के साथ ।
    - शैक्षणिक सहयोग को बढ़ावा देने हेतु आयुर्वेद शिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, जामनगर के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए ।
- **सीएसआईआर-एनपीएल**
    - निम्न के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए
        - भारतीय औषधीय पादपों के विकास और/या उत्पादन के लिए निर्देशक द्रव्य (बीएनडी@आर: भारतीय संदर्भ सामग्री), हेतु दिनांक 09/07/2025 को राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड, आयुष मंत्रालय, नई दिल्ली के साथ ।
        - दिनांक 09/07/2025 को भारतीय सिद्ध माप इकाइयों के विकास और/या उत्पादन के लिए केंद्रीय सिद्ध अनुसंधान परिषद (सीसीआरएस), चेन्नई निर्देशक द्रव्य (बीएनडीटीएम: भारतीय संदर्भ सामग्री) के साथ ।
        - लेजर डायोड और क्वांटम एमिटर का उपयोग करके क्वांटम रैंडम नंबर उत्पन्न करने की डिवाइस और विधि के लिए बौद्धिक सम्पदा फ़ाइल करने संबंधी पेटेंट आवेदन फाइल और प्रबंधन करने हेतु दिनांक 17.07.2025 को टाटा मूलभूत अनुसंधान के साथ।

**पेटेंट की अद्यतन स्थिति**

| **फाइल किए गए पेटेंट** | | | **प्रदत्त पेटेंट** | | | **पेटेंट अभियोजन (प्रोक्सिक्यूशन)** | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भारत | विदेश* (यूनिक पेटेंट आवेदन) | विदेश (मल्टीपल देश) * | भारत | विदेश* (यूनिक पेटेंट आवेदन) | विदेश (मल्टीपल देश) * | भारत | विदेश* |
| 19 | 16 | 23 | 01 | 06 | 06 | 03 | 203 |

| | |
|---|---|
| फाइल किए गए कॉपीराइट आवेदनों की संख्या | 19 |
| फाइल किए गए ट्रेडमार्क आवेदनों की संख्या | 01 |

* जुलाई 2025 के दौरान आईपीयू को रिपोर्ट किया गया डेटा राष्ट्रीय चरण प्रविष्टियों के बाद बदल सकता
है । यदि सम्बंधित माह के इसके समनुरूप आवेदन फाइल/प्रदत्त किया गया है तो यूनिक रूप से फाइल/ प्रदत्त पेटेंट अगले माह में भी प्रदर्शित हो सकता है ।

**उच्च प्रभाव वाली विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सेवाएं**

- **सीएसआईआर-सीडीआरआई**
    - जुलाई 2025 के दौरान दो एमएसएमई को विश्लेषणात्मक सेवाएं प्रदान की गईं ।
    - अनुसंधान प्रयोजनों के लिए बाहरी अनुसंधान संगठनों को 16 प्रायोगिक जंतु उपलब्ध कराए गए ।
    - आईआर (इन्फ्रारेड), द्रव्यमान, एनएमआर (न्यूक्लियर मैग्नेटिक रेजोनेंस) और ईएम (इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी) द्वारा नमूनों के विश्लेषण हेतु सेवा प्रदान की गई तथा 291 बाहरी नमूनों का विश्लेषण किया गया ।
- **सीएसआईआर-सीएमईआरआई**
    - टेगा मैकनली मिनरल्स लिमिटेड की पहली मिल (बीएम-1) के ड्राइंग और डिजाइन संबंधी गणनाओं की समीक्षा ।
- **सीएसआईआर-सीआरआरआई**
    - यातायात की भीड़भाड़ को दूर करने हेतु ग्रेटर नोएडा पश्चिम में गौर सिटी-1 और गौर सिटी-2 के बीच 60 मीटर चौड़ी सड़क और 45 मीटर चौड़ी सड़क पर यू-टर्न प्रदान करने हेतु व्यवहार्यता अध्ययन ।
    - ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण के लिए इकोटेक-1 एक्सटेंशन-1 के साथ 80 मीटर चौड़ी सड़क के पुनः सतहीकरण और रोटरी तथा ईपीई कट पर मैस्टिक कार्य की सिफारिश ।
    - अहमदाबाद नगर निगम के लिए अहमदाबाद शहर में गैर अभिनिर्धारित जंक्शनों का व्यापक यातायात अध्ययन ।
    - अजमेर विकास प्राधिकरण हेतु अजमेर शहर के लिए व्यापक गतिशीलता योजना और उदयपुर विकास प्राधिकरण हेतु उदयपुर शहर के लिए व्यापक गतिशीलता योजना ।
    - मुख्या कार्य प्रभाग, नई दिल्ली हेतु ग्रेटर फरीदाबाद में यूपी सिंचाई के तीन छोटे पुलों (ch. 14.590, ch. 14960, ch. 15.210 पर) के रेखाचित्रों की जांच और दो छोटे पुलों (अध्याय 24.135 और अध्याय 25.100 पर) के डिजाइन का पुनरीक्षण ।
    - रामुका ग्लोबल इकोवर्क प्राइवेट लिमिटेड हेतु लौह और स्टील स्लैग एग्रीगेट का उपयोग करके मृदा स्थिरक का विकास ।
- **सीएसआईआर-आईआईपी**

- सीपीसीएल वैक्स प्लांट (प्लांट 14) के पुनरुद्धार हेतु मूल डिजाइन डेटा तैयार किया गया और आगे की प्रक्रियाओं हेतु ईआईएल के साथ साझा किया गया ।
- **सीएसआईआर-एनएएल**
  - एडीए, डीआरडीओ हेतु केवलर कम्पोजिट लैमिनेट का विरचन ।
  - सीएसआईआर के लिए हीट सिंक अनुप्रयोग हेतु एसआईसी/एआई इंटरपेनेट्रेटिंग फेज कम्पोजिट का विकास ।
  - गैसटर्बाइन इंजन अनुप्रयोगों हेतु फ्यूल फ्लेक्सिबल बर्नर के विकास पर व्यवहार्यता अध्ययन ।
  - यूआर आरएससी, इसरो हेतु एल्यूमीनियम मैंड्रेल पर इलेक्ट्रोलेस निकल कोटिंग ।
- **सीएसआईआर-नीरी**
  - अहमदाबाद पूर्वी क्षेत्र के सीईटीपी के लिए शून्य तरल निर्वहन के कार्यान्वयन और उपचारित औद्योगिक बहिस्राव के अत्यधिक पुन: उपयोग का व्यवहार्यता अध्ययन किया गया ।
  - उदयपुर और चित्तौड़गढ़ स्थलों पर हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड में सड़क निर्माण में जारोफिक्स अपशिष्ट के उपयोग के लिए पर्यावरण निगरानी और मूल्यांकन किया गया ।
- **सीएसआईआर-एनआईआईएसटी**
  - मेसर्स क्केंटेसेंस प्राइवेट लिमिटेड, बैंगलोर के लिए निर्यात संवर्धन हेतु परामर्श सेवाएं प्रदान की गईं ।
- **सीएसआईआर-एनएमएल**
  - एमएसएमई हेतु बौद्धिक संपदा सुविधा केंद्र (आईपीएफसी) का प्रबंधन और संचालन ।
  - टाटा स्टील के लिए MgO लाइन वाली प्रेरण भट्टी में गर्म धातु का शोधन ।
  - टाटा स्टील हेतु उच्च कार्बन स्टील के विभिन्न ग्रेडों की फोर्जिंग, हॉट रोलिंग और साल्ट बाथ हीट ट्रीटमेंट ।
  - जीटीआरई के कंप्रेसर एयरोफॉइल मटीरियल जीटीएम-एसयू-718 का उच्च चक्रिक विश्रांति संबंधी अभिलक्षणन ।
  - टाटा स्टील ब्लूस्कोप हेतु टीबीएसपीएल के लिए भवन निर्माण में प्रयुक्त छत सामग्री का जीवन चक्र तट विश्लेषण ।
- **सीएसआईआर-एनपीएल**
  - इसरो को कुछ नैनोसेकेंड के भीतर समन्वित सार्वभौमिक समय (यूटीसी) की अभिविक्षण के साथ भारतीय मानक समय (आईएसटी) की समय और आवृत्ति ट्रेसबिलिटी सेवाएं प्रदान की गईं ।
  - राष्ट्रव्यापी नेटवर्क टाइम प्रोटोकॉल (एनटीपी) सेवाएं प्रदान की गईं: देश भर में महत्वपूर्ण अवसंरचना क्षेत्रों, सरकारी संस्थानों, उद्योगों और सार्वजनिक

प्रयोक्ताओं को सुरक्षित नेटवर्क टाइम प्रोटोकॉल (एनटीपी) सेवाओं के माध्यम से आईएसटी का प्रसार किया गया ।
    - अशांकन और मापन सेवाएं प्रदान की गईं: परमाणु घड़ियों, आवृत्ति मानकों, जीपीएस रिसीवर, टाइमर और स्टॉपवॉच का मान्यता प्रत्यायित अशांकन किया गया ।
    - एस टी क्यू सी प्रयोगशालाओं की माइक्रोवेव पॉवर तथा एल एफ वोल्टेज एवं ट्रेसबिलिटी के लिए करंट रिफरेंस स्टैंडर्ड्स का अशांकन करने में शीर्ष स्तरीय एवं उच्च प्रभाव वाली सेवाएं उपलब्ध करायीं ।
- **सीएसआईआर-एसईआरसी**
    - पूर्वी रेलवे के हावड़ा डिवीजन के क्षेत्र परीक्षण और संख्यात्मक सिमुलेशन के माध्यम से ओपन वेब गर्डर ब्रिज के अभिनिर्धारित स्पैन के भवन की संरचनात्मक पर्याप्तता का आंकलन ।

**आउटरीच कार्यकलाप**

- **सीएसआईआर-4पीआई**
    - दिनांक 21-25/07/2025 के दौरान स्कूली छात्रों के लिए वन डे एज साइंटिस्ट (ओडीएएस) कार्यक्रम का आयोजित किया गया ; इसमें 126 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
    - दिनांक 29/07/2025 को शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया ; इसमें 08 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
- **सीएसआईआर-एम्प्री**
    - दिनांक 21-25/07/2025 के दौरान स्कूली छात्रों के लिए वन डे एज साइंटिस्ट (ओडीएएस) कार्यक्रम का आयोजित किया गया ; इसमें 126 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
- **सीएसआईआर-सीबीआरआई**
    - दिनांक 21-25/07/2025 के दौरान स्कूली छात्रों के लिए वन डे एज साइंटिस्ट (ओडीएएस) कार्यक्रम का आयोजित किया गया ।
    - निम्न पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजित किए गए
        - दिनांक 16-18/07/2025 के दौरान भवन निर्माण प्रौद्योगिकियों में नवीनतम रुझान पर ।
        - दिनांक 28/07/2025-01/08/2025 के दौरान भूकंपीय रेट्रोफिटिंग और डीपीआर की तैयारी पर ।
- **सीएसआईआर-सीडीआरआई**
    - दिनांक 21-25/07/2025 के दौरान स्कूली छात्रों के लिए वन डे एज साइंटिस्ट (ओडीएएस) कार्यक्रम आयोजित किया गया ; इसमें 400 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।

- दिनांक 29/07/2025 को प्राथमिक विद्यालय, नई बस्ती धनेवा, लखनऊ में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजित किया गया; इसमें 250 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
- स्कूली दौरे आयोजित किए गए
  - दिनांक 03/07/2025 को केंद्रीय विद्यालय, शिवगंगा और केंद्रीय विद्यालय, मंडपम का दौरा किया गया; इसमें 233 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
  - दिनांक 04/07/2025 को रामनाथन चेट्टियार म्युनिसिपल हाई स्कूल, कराईकुडी, अलगप्पा मैट्रिकुलेशन हायर सेकेंडरी स्कूल, कराईकुडी , डॉ. एसीटीसी मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल, कराईकुडी और ग्रीन वैली एमएचएसएस, होसुर का दौरा किया गया ; इसमें 638 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
  - दिनांक 28/07/2025 को विद्या गिरि मैट्रिक हायर सेकेंडरी स्कूल, कराईकुडी और श्री राजा राजन (सीबीएसई) स्कूल, अमरावतीपुदुर का दौरा किया गया ; इसमें 177 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
  - दिनांक 30/07/2025 को पेथल अची गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल, देवकोट्टई , एनएसएमवीपीएस हायर सेकेंडरी स्कूल, देवकोट्टई , चेल्लप्पन विद्या मंदिर इंटरनेशनल स्कूल, कराईकुडी, एलएफआरसी हायर सेकेंडरी स्कूल कराईकुडी, श्री मीनाक्षी गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल, कराईकुडी , श्री मीनाक्षी सुंदरेश्वर विद्याशाला उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कराईकुडी का दौरा किया गया; इसमें 692 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
- दिनांक 07-11/07/2025 के दौरान कैथोडिक संरक्षण और पाइपलाइन संक्षारण पर कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया ; इसमें 51 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
- दिनांक 29/07/2025 को सर आइजैक न्यूटन आर्ट्स एंड साइंस कॉलेज, नागपट्टिनम के रसायन विज्ञान विभाग के लिए लैब विजिट किया गया ; इसमें 29 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।

- **सीएसआईआर-सीरी**
  - दिनांक 21-25/07/2025 के दौरान स्कूली छात्रों के लिए वन डे एज साइंटिस्ट (ओडीएएस) कार्यक्रम का आयोजित किया गया; इसमें 355 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
- **सीएसआईआर-सीएफटीआरआई**
  - दिनांक 21-24/07/2025 के दौरान स्कूली छात्रों के लिए वन डे एज साइंटिस्ट (ओडीएएस) कार्यक्रम का आयोजन किया गया; 285 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
  - कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजित किए

        - दिनांक 01-03/07/2025 के दौरान फोर्टिफाइड चावल का विश्लेषणात्मक गुणवत्ता मूल्यांकन; इसमें 36 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
        - दिनांक 07-11/07/2025 के दौरान आटा पिसाई और आटे की गुणवत्ता का मूल्यांकन; इसमें 28 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
        - दिनांक 09-11/07/2025 के दौरान आईटीसी के कार्मिकों हेतु संवेदी स्वाद बोध; इसमें 12 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
        - संवेदी विश्लेषण – दिनांक 16-18/07/2025 के दौरान उपभोक्ता वरीयता के लिए एक दृष्टिकोण; इसमें 16 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
- **सीएसआईआर-सीजीसीआरआई**
    - दिनांक 21-24/07/2025 के दौरान स्कूली छात्रों के लिए वन डे एज साइंटिस्ट (ओडीएएस) कार्यक्रम का आयोजन; इसमें 550 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
    - निम्न पर कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए
        - दिनांक 17-21/07/2025 तक खुर्जा केंद्र में सिरेमिक प्रसंस्करण और अभिलक्षणन कार्यक्रम; इसमें 19 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
        - दिनांक 15-18/07/2025 तक ग्लास के रासायनिक अभिलक्षणन के लिए उपकरण संबंधी विधियाँ; 32 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
- **सीएसआईआर-सीमैप**
    - दिनांक 07-12/07/2025 के दौरान औषधीय एवं सुगंधित पौधों पर कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया; इसमें 04 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
- **सीएसआईआर-सीएलआरआई**
    - दिनांक 21-24/07/2025 के दौरान स्कूली छात्रों के लिए वन डे एज साइंटिस्ट (ओडीएएस) कार्यक्रम का आयोजन; इसमें 380 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
    - कुवैत और संयुक्त अरब अमीरात के शास्त्र प्रतिभा प्रतियोगिता (एसपीसी) के विजेताओं हेतु दिनांक 09/07/2025 को लैब विजिट किया गया ।
    - प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजित किए
        - दिनांक 15-18/07/2025 के दौरान चमड़ा प्रसंस्करण, चमड़ा उत्पाद और चमड़े का परीक्षण कार्यक्रम ; इसमें 04 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
        - दिनांक 05-15/07/2025 के दौरान चमड़े के लिए रासायनिक और यांत्रिक पैरामीटर पर; इसमें 03 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
- **सीएसआईआर-सीएमईआरआई**
    - दिनांक 21-25/07/2025 के दौरान स्कूली छात्रों के लिए वन डे एज साइंटिस्ट (ओडीएएस) कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

- दिनांक 28-30/07/2025 के दौरान नवीकरणीय ऊर्जा प्रणालियों पर कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया; इसमें 04 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
- दिनांक 29/07/2025 को रामकृष्ण मिशन आश्रम प्राइवेट आईटीआई आसनसोल के संकाय सदस्यों हेतु लैब विजिट किया गया ।

- **सीएसआईआर-सीआरआरआई**
  - दिनांक 21-25/07/2025 के दौरान स्कूली छात्रों के लिए वन डे एज साइंटिस्ट (ओडीएएस) कार्यक्रम का आयोजन; इसमें 540 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
  - दिनांक 07-11/07/2025 के दौरान फुटपाथ मूल्यांकन तकनीकों और उनके रख-रखाव एवं प्रबंधन के अनुप्रयोगों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए; इसमें 23 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
  - दिनांक 28/07/2025 को राष्ट्रीय सीपीडब्ल्यूडी अकादमी के सहायक कार्यकारी अभियंताओं हेतु एक परस्पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया; इसमें 29 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
- **सीएसआईआर-सीएसआईओ**
  - दिनांक 21-25/07/2025 के दौरान स्कूली छात्रों के लिए वन डे एज साइंटिस्ट (ओडीएएस) कार्यक्रम का आयोजन; इसमें 500 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
  - दिनांक 17/07/2025 को केन्द्रीय विद्यालयों हेतु लैब विजिट किया; इसमें 90 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
  - दिनांक 22-23/07/2025 के दौरान एसएमडी और रीवर्क प्रौद्योगिकियों पर कार्यशालाओं का आयोजन; इसमें 21 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
- **सीएसआईआर-सीएसएमसीआरआई**
  - दिनांक 21-25/07/2025 के दौरान स्कूली छात्रों के लिए वन डे एज साइंटिस्ट (ओडीएएस) कार्यक्रम का आयोजन; 2000 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
- **सीएसआईआर-आईजीआईबी**
  - दिनांक 21-25/07/2025 के दौरान स्कूली छात्रों के लिए वन डे एज साइंटिस्ट (ओडीएएस) कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।
- **सीएसआईआर-आईएचबीटी**
  - दिनांक 21-25/07/2025 के दौरान स्कूली छात्रों के लिए वन डे एज साइंटिस्ट (ओडीएएस) कार्यक्रम का आयोजन; इसमें 484 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
  - इस माह में सरकारी/पब्लिक स्कूलों एवं कॉलेजों के लिए लैब विजिट किया गया; इसमें 248 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।

    - दिनांक 15/07/2025 को हिमाचल प्रदेश के मुंडला गांव में पिट कम्पोस्टिंग पर तकनीकी प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया; इसमें 45 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- **सीएसआईआर-आईआईसीबी**
    - दिनांक 21-25/07/2025 के दौरान स्कूली छात्रों के लिए वन डे एज साइंटिस्ट (ओडीएएस) कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
    - दिनांक 31/07/2025 को रामकृष्ण मिशन विद्यालय, नरेंद्रपुर, कोलकाता के लिए प्रयोगशाला भ्रमण का आयोजन किया गया।
    - निम्न के लिए स्कूली दौरे किए गए
        - दिनांक 07/07/2025 को सतीश चंद्र मेमोरियल स्कूल, चकदाहा, नादिया हेतु ।
        - दिनांक 08/07/2025 को समर स्मृति उच्च विद्यालय (हाई स्कूल), कोलकाता हेतु।
        - दिनांक 17/07/2025 को बिद्याधरपुर नबाकुमार विद्यामंदिर (एचएस), दक्षिण 24 परगना हेतु।
- **सीएसआईआर-आईआईसीटी**
    - दिनांक 15-16/07/2025 को राजमुंदरी केंद्रीय कारागार, आन्ध्र प्रदेश में किशोर बच्चों और अनाथों के लिए छात्र-वैज्ञानिक संपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
    - दिनांक 21-25/07/2025 के दौरान स्कूली छात्रों के लिए वन डे एज साइंटिस्ट (ओडीएएस) कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- **सीएसआईआर-आईआईपी**
    - दिनांक 21-25/07/2025 के दौरान स्कूली छात्रों के लिए वन डे एज साइंटिस्ट (ओडीएएस) कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
    - दिनांक 10/07/2025 को "लैंटाना कैमारा बायोमास पेलेटाइजेशन के प्रदर्शन" पर प्रशिक्षण आयोजित किया गया।
    - निम्न हेतु लैब विजिट किए गए
        - दिनांक 22/07/2025 को 37वें राज्य वन सेवा प्रवेश पाठ्यक्रम के प्रशिक्षु अधिकारियों हेतु ; इसमें 45 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
        - दिनांक 28/07/2025 से 08/08/2025 के दौरान पेट्रोलियम उत्पादों के परीक्षण पर कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया ; इसमें 05 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

- **सीएसआईआर-आईएमएमटी**
    - दिनांक 21-25/07/2025 के दौरान स्कूली छात्रों के लिए वन डे एज साइंटिस्ट (ओडीएएस) कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
    - हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड हेतु प्रशिक्षण का आयोजित किया गया।

- स्कूली दौरे किए गए
    - दिनांक 02, 09 एवं 30/07/2025 को सैनिक स्कूल हेतु ।
    - दिनांक 11/07/2025 और 26/07/2025 को ओडीएम पब्लिक स्कूल हेतु ।
    - दिनांक 22-23/07/2025 को जेएनवी कोणार्क हेतु ।
    - दिनांक 23/07/2025 को जेडआईईटी (ZIET), केवीएस, भुवनेश्वर हेतु ।

- **सीएसआईआर-इम्टेक**
  - दिनांक 21-25/07/2025 के दौरान स्कूली छात्रों के लिए वन डे एज साइंटिस्ट (ओडीएएस) कार्यक्रम का आयोजन; इसमें 284 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
- **सीएसआईआर-एनएएल**
  - दिनांक 21-25/07/2025 के दौरान स्कूली छात्रों के लिए वन डे एज साइंटिस्ट (ओडीएएस) कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।
  - निम्न में स्कूली दौरे किए गए
    - दिनांक 10/07/2025 को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, बीआर हिल्स में ।
    - दिनांक 11/07/2025 को विवेकानंद गिरिजना कल्याण केंद्र, बीआर हिल्स में ।

- **सीएसआईआर-एनबीआरआई**
  - दिनांक 21-25/07/2025 के दौरान स्कूली छात्रों के लिए वन डे एज साइंटिस्ट (ओडीएएस) कार्यक्रम का आयोजन; 304 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
  - दिनांक 29/07/2025 को भवदीय पब्लिक स्कूल, अयोध्या का लैब विजिट किया गया; इसमें 25 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
  - निम्न पर कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए
    - दिनांक 11/06/2025-10/07/2025 और दिनांक 23-25/07/2025 के दौरान कृषि अनुप्रयोगों हेतु बायोइनोकुलेंट उत्पादक पर; क्रमशः 08 और 23 प्रतिभागियों ने सहभागिता की ।
    - दिनांक 12/06/2025-11/07/2025 के दौरान पादप आणविक जीवविज्ञान तकनीक पर; इसमें 09 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
- **सीएसआईआर-नीरी**
  - दिनांक 21-25/07/2025 के दौरान स्कूली छात्रों के लिए वन डे एज साइंटिस्ट (ओडीएएस) कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।
- **सीएसआईआर-एनजीआरआई**

- दिनांक 21-25/07/2025 के दौरान स्कूली छात्रों के लिए वन डे एज साइंटिस्ट (ओडीएएस) कार्यक्रम का आयोजन; इसमें 540 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।

- **सीएसआईआर-एनआईआईएसटी**
  - दिनांक 21-25/07/2025 के दौरान स्कूली छात्रों के लिए वन डे एज साइंटिस्ट (ओडीएएस) कार्यक्रम का आयोजन; इसमें 130 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
  - दिनांक 15/07/2025 को वैज्ञानिक छात्र संपर्क कार्यक्रम का आयोजन; इसमें 110 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
  - निम्न पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए
    - दिनांक 30/07/2025 को ऊर्जा रूपांतरण और भंडारण प्रौद्योगिकियों पर ।
    - दिनांक 28/07/2025 से 01/08/2025 के दौरान एनएमआर द्वारा कार्बनिक अणुओं की संरचना का स्पष्टीकरण पर ।
    - दिनांक 16-27/06/2025 के दौरान सामग्री अभिलक्षणन के लिए सूक्ष्म विवर्तन तकनीकों पर ।
  - दिनांक 02/07/2025 को कलेक्टर सुपर 100 बालिकाओं के लिए लैब विजिट किया गया; इसमें 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
- **सीएसआईआर-एनआईओ**
  - दिनांक 21-25/07/2025 के दौरान स्कूली छात्रों के लिए वन डे एज साइंटिस्ट (ओडीएएस) कार्यक्रम का आयोजन ;150 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
  - जुलाई 2025 माह में राज्य सरकार के स्कूलों, जवाहर नवोदय विद्यालयों, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालयों और निजी स्कूलों हेतु लैब विजिट किया गया ।
- **सीएसआईआर-एनएमएल**
  - दिनांक 21-25/07/2025 के दौरान स्कूली छात्रों के लिए वन डे एज साइंटिस्ट (ओडीएएस) कार्यक्रम का आयोजन ; इसमें 555 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
  - दिनांक 14-18/07/2025 को ग्रीन हाइड्रोजन इलेक्ट्रोलिसिस प्रक्रिया की मूल बातों पर विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया ; इसमें 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
  - दिनांक 04/07/2025 को गम्हरिया इंग्लिश स्कूल हेतु लैब विजिट किया गया; इसमें 82 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
- **सीएसआईआर-एनपीएल**
  - दिनांक 21-25/07/2025 के दौरान स्कूली छात्रों के लिए वन डे एज साइंटिस्ट (ओडीएएस) कार्यक्रम का आयोजन ; इसमें 360 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।

  - प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए
    - दिनांक 17-18/07/2025 के दौरान बायोमेडिकल मेट्रोलॉजी पर ।
    - दिनांक 21-25/07/2025 के दौरान द्रव्यमान एवं आयामी माप विज्ञान: अंशांकन एवं माप अनिश्चितता मूल्यांकन पर ।
- **सीएसआईआर-एसईआरसी**
  - दिनांक 21-25/07/2025 के दौरान स्कूली छात्रों के लिए वन डे एज साइंटिस्ट (ओडीएएस) कार्यक्रम का आयोजन ; 80 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।

**सम्मेलन, कार्यशालाएँ, प्रमुख कार्यक्रम**

- **सीएसआईआर मुख्यालय**
  - दिनांक 28/07/2025 को अध्यक्ष, कल्याणी ग्रुप ऑफ कंपनीज, श्री बाबा एन कल्याणी, अध्यक्ष और एमडी, भारत फोर्ज लिमिटेड, द्वारा " भारत 2047 - एक नवाचार संचालित अर्थव्यवस्था के लिए रोडमैप" पर अमृत व्याख्यान आयोजित किया गया ।
  - दिनांक 16-17/07/2025 को हेल्थ कोहार्ट नॉलेजबेस (एचसीपी-0047) संग्रह शिविर (द्वितीय चरण) आयोजित किया गया ।
  - दिनांक
  - दिनांक 10/12/2025 के दौरान, एसकेआईसीसी, श्रीनगर, जम्मू और कश्मीर में भारत संरचना 2025 में भाग लिया।
  - दिनांक 03-05/07/2025 के दौरान अहमदाबाद पश्चिम, गुजरात में समृद्ध गुजरात 2025 में भाग लिया गया ।
  - दिनांक 02-04/07/2025 के दौरान धर्मशाला , हिमाचल प्रदेश में डेस्टिनेशन हिमाचल @2025 में भाग लिया गया ।
  - दिनांक 21-25/07/2025 को स्कूली छात्रों के लिए वन डे एज साइंटिस्ट (ओडीएएस) कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया जिसका उद्‌घाटन माननीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह द्वारा किया गया ।
- **सीएसआईआर-एम्प्री**
  - दिनांक 15/07/2025 को विश्व युवा कौशल दिवस मनाने हेतु "यूथ एम्पावरमेंट थ्रू एआई एंड डिजिटल स्किल्स बिल्डिंग टुमारो " पर चर्चा का आयोजन किया गया ।
  - दिनांक 21/07/2025 को डॉ. आर.के. जैन (पूर्व निदेशक, सीपीपीआरआई एवं केएनएचपीआई), तकनीकी विशेषज्ञ यूएनआईडीओ, नई दिल्ली द्वारा व्याख्यान आयोजित किया गया ।
- **सीएसआईआर-सीबीआरआई**
  - दिनांक 28-30/07/2025 को हेल्थ कोहार्ट नॉलेजबेस (एचसीपी-0047) संग्रह शिविर (द्वितीय चरण) का आयोजन किया गया ।

- **सीएसआईआर-सीईसीआरआई**
  - दिनांक 25/07/2025 को संस्थान का 78वां स्थापना दिवस मनाया गया।
- **सीएसआईआर-सीएफटीआरआई**
  - दिनांक 25/07/2025 को पादप प्रोटीन: संरचना-कार्य, मानव पोषण और प्रौद्योगिकीय प्रगति - प्लांट वायरल प्रोटीन की संरचना और कार्य को डिकोड करना: पादप प्रोटीन अनुसंधान और जैव प्रौद्योगिकी की प्रासंगिकता पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।
  - दिनांक 30/07/2025 को राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड के सहयोग से टेक कनेक्ट 2025 - ब्रिजिंग इनोवेशन एंड एंटरप्राइजेज आयोजित किया गया।
- **सीएसआईआर-सीजीसीआरआई**
  - डॉ . शिवकुमार कल्याणरमन , मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ), अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन (एएनआरएफ), नई दिल्ली द्वारा दिनांक 22/07/2025 को व्याख्यान दिया गया ।
- **सीएसआईआर-सीएलआरआई**
  - दिनांक 25/07/2025 को टेक्सास टेक यूनिवर्सिटी, यूएसए के पर्यावरण विष विज्ञान विभाग में रासायनिक प्रतिरोधक उपाय और उन्नत सामग्री के प्रोफेसर डॉ. शेषाद्रि रामकुमार द्वारा सतत रेशेदार सामग्री पर व्याख्यान दिया गया।
  - दिनांक 04/07/2025 को एसपीएसएस सॉफ्टवेयर का उपयोग करते हुए सांख्यिकी और डेटा विश्लेषण पर कार्यशाला आयोजित की गई ; 52 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- **सीएसआईआर-सीआरआरआई**
  - भोपाल में परिवहन प्रणाली अभियांत्रिकी और प्रबंधन पर 11वां अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (सीटीएसईएम-2025) आयोजित किया गया।
  - दिनांक 16/07/2025 को संस्थान का 74वां स्थापना दिवस मनाया गया।
- **सीएसआईआर-सीएसआईओ**
  - आईईईई डब्लूआईई दिवस 2025 मनाया गया।
  - शीर्ष वैश्विक फेलोशिप (डीएएडी, आईजीएसटीसी, फुलब्राइट और अधिक) पर एक दिवसीय सत्र का आयोजन किया गया।
- **सीएसआईआर-आईजीआईबी**
  - दिनांक 16/07/2025 को आईजीआईबी -ओएनटी टेक डे कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- **सीएसआईआर-आईएचबीटी**
  - दिनांक 02/07/2025 को संस्थान का 43वां स्थापना दिवस मनाया गया।
  - दिनांक 02-03/07/2025 के दौरान राष्ट्रीय स्तर पर हर्बल सेक्टर स्टेकहोल्डर मीट 2025 आयोजित किया; इसमें 250 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- **सीएसआईआर-आईआईसीबी**

- निम्न पर कार्यशालाएं आयोजित की गई
  - दिनांक 14-17/07/2025 के दौरान बीडी बायोसाइंसेज के सहयोग से फ्लो साइटोमेट्री प्रशिक्षण और मशीन रखरखाव पर ।
  - दिनांक 21-25/07/2025 के दौरान प्रयोगशाला जंतुओं का रखरखाव पर ।

- **सीएसआईआर-आईआईसीटी**
  - निम्न पर वार्ता आयोजित की गई
    - प्रोफेसर एल.एस. शशिधर, निदेशक, @NCBS_Bangalore द्वारा स्वतंत्र भारत में विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान: लेस नोन स्टोरीज पर ।
    - डॉ. विश्वजननी सत्तीगेरी, प्रमुख, सीएसआईआर-टीकेडीएल द्वारा दिनांक 11/07/2025 को एथिक्स एंड इंटीग्रिटी मिरर्स टू गुड साइंस टुडे पर ।
- **सीएसआईआर-आईआईपी**
  - दिनांक 19-26/07/2025 को हेल्थ कोहार्ट नॉलेजबेस (एचसीपी-0047) संग्रह शिविर (द्वितीय चरण) का आयोजन किया गया ; इसमें 451 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
- **सीएसआईआर-एनएएल**
  - निम्न पर कार्यशालाएं आयोजित की गई
    - दिनांक 04/07/2025 को वांतरिक्ष रक्षा में संगणनात्मक वैद्युत चुम्बकीय अनुप्रयोग विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया ।
    - दिनांक 17-18/07/2025 के दौरान एकीकृत हवाई क्षेत्र प्रबंधन और संबद्ध प्रौद्योगिकियां विषयाधारित कार्यशाला का आयोजन किया गया ।
  - दिनांक 21/07/2025 को रोद्दाम नरसिम्हा स्मृति व्याख्यान का आयोजन किया गया ।
- **सीएसआईआर-एनबीआरआई**
  - दिनांक 23/07/2025 को लाइकेन जीवविज्ञान पर कार्यशाला का आयोजित की गई ; इसमें 80 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
- **सीएसआईआर-नीरी**
  - दिनांक 16/07/2025 को भारत में अनौपचारिक अपशिष्ट क्षेत्र के स्कोपिंग अध्ययन पर कार्यशाला आयोजित की गई ।
- **सीएसआईआर-एनआईआईएसटी**
  - दिनांक 25/07/2025 को जैव-विनिर्माण और स्वास्थ्य सुरक्षा 2025 में उभरते रुझानों पर स्वर्ण जयंती सम्मेलन आयोजित किया गया ।
- **सीएसआईआर-एनएमएल**
  - दिनांक 23-25/07/2025 के दौरान खनिज सज्जीकरण प्रौद्योगिकियों में उभरते रुझानों पर राष्ट्रीय सम्मेलन; ईएमबीटी -2025 आयोजित किया गया ।
- **सीएसआईआर-एनपीएल**

- दिनांक 17-18/07/2025 को एकीकृत हवाई क्षेत्र प्रबंधन एवं संबद्ध प्रौद्योगिकियों पर कार्यशाला आयोजित की गई।

- **सीएसआईआर-एसईआरसी**
  - दिनांक 13-16/07/2025 को हेल्थ कोहार्ट नॉलेजबेस (HCP-0047) संग्रह शिविर (द्वितीय चरण) आयोजित किया गया; इसमें 220 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

**उच्च स्तरीय गणमान्य व्यक्तियों का दौरा**

- **सीएसआईआर- एएमपीआरआई**
  - दिनांक 18/07/2025 को डॉ. सुधीर सिंह भदौरिया, निदेशक और प्रोफेसर यूआईटी, आरजीपीवी, भोपाल और विज्ञान भारती (विभा) की टीम द्वारा संस्थान का दौरा किया गया।
- **सीएसआईआर-सीजीसीआरआई**
  - प्रो. राजेंद्र के. बोर्डिया, जॉर्ज जे. बिशप III, क्लेम्सन यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर और अमेरिकन सिरेमिक सोसाइटी के तत्काल पूर्व अध्यक्ष ने दिनांक 14-17/07/2025 को छठे प्लेटिनम जुबली आगंतुक के रूप में दौरा किया।
- **सीएसआईआर-सीमैप**
  - केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के महानिदेशक डॉ. सुभाष कौशिक ने दिनांक 23/07/2025 को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने हेतु दौरा किया।
- **सीएसआईआर-सीएलआरआई**
  - थिरुहर सहाय मीणा आईएएस, तमिलनाडु अभिलेखागार और ऐतिहासिक अनुसंधान तथा टीएमटी वी. मुनियाम्मल डिप्टी कमिश्नर (आई/सी), ने अपनी टीम के साथ दिनांक 14/07/2025 को यह समझने के लिए संस्थान का दौरा किया कि पुस्तकों को लंबे समय तक दक्षतापूर्वक सुरक्षित कैसे रखा जा सके।
- **सीएसआईआर-सीएसआईओ**
  - वन महोत्सव को मनाने हेतु माननीय राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया जी ने संस्थान का दौरा किया।

- 
- **सीएसआईआर-आईजीआईबी**
  - माननीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री और उपाध्यक्ष, सीएसआईआर, डॉ. जितेंद्र सिंह जी ने दिनांक 06/07/2025 को 10,000 भारतीयों के जीनोमिकी, नैदानिक और जीवनशैली डेटा वाले राष्ट्रीय बायोबैंक का उद्घाटन किया।
- **सीएसआईआर-आईएचबीटी**

- डॉ. पंकज भरमोरिया, ला- कैक्सा जूनियर रिसर्च ग्रुप लीडर, इंस्टीट्यूट ऑफ मैटेरियल्स साइंस, बार्सिलोना (आईसीएमएबी-सीएसआईसी),स्पेन ने दिनांक 23/07/2025 को प्लांट साइंस और फोटोबायोलॉजी में नवीन प्रकाश-आधारित सक्रियण रणनीतियों का पता लगाने हेतु संस्थान का दौरा किया ।

- **सीएसआईआर-आईएमएमटी**
  - माननीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री एवं उपाध्यक्ष, सीएसआईआर, डॉ. जितेंद्र सिंह ने दिनांक 17/07/2025 को अनुसंधान एवं प्रौद्योगिकी सम्मेलन हेतु संस्थान का दौरा किया ।
- **सीएसआईआर-एनजीआरआई**

  श्री वी.एल. कांता राव, सचिव, खान मंत्रालय और श्री असित साहा, महानिदेशक, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने जीएसआई के लिए चल रही परियोजनाओं और भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा हेतु दिनांक 03/07/2025 को संस्थान का दौरा किया ।
- **सीएसआईआर-एनएमएल**
  - पद्म भूषण डॉ. वी. के सारस्वत, सदस्य, नीति आयोग ने दिनांक 02/07/2025 को 5वें प्लेटिनम जुबली व्याख्यान हेतु संस्थान का दौरा किया ।

**सम्मान/पुरस्कार**

- **सीएसआईआर-एम्प्री**
  - डॉ. मनोज कुमार गुप्ता, वरिष्ठ वैज्ञानिक, को राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी, भारत (एनएएसआई) के सदस्य के रूप में चुना गया ।
- **सीएसआईआर-सीएमईआरआई**
  - डॉ. नृपेन चंदा, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक को रॉयल सोसाइटी ऑफ केमिस्ट्री (एफआरएससी) की फेलोशिप प्रदान की गई ।
- **सीएसआईआर-आईआईसीबी**
  - डॉ. जॉन मंडल, वरिष्ठ वैज्ञानिक को क्योटो विश्वविद्यालय, जापान में अनुसंधान (अल्पकालिक) के लिए वित्त वर्ष 2025 की जेएसपीएस इन्विटेशनल फैलोशिप प्राप्त हुई ।
- **सीएसआईआर-आईआईसीटी**
  - डॉ. रामबाबू चेगोंडी, प्रधान वैज्ञानिक को रसायन विज्ञान में उनके शोध योगदान के सम्मान में वर्ष 2026 के लिए सीआरएसआई कांस्य पदक प्राप्त हुआ ।

- **सीएसआईआर-एनबीआरआई**
  - संस्थान को कृषि विज्ञान में अनुसंधान नेतृत्व में योगदान हेतु एग्रीकल्चर टुडे समूह द्वारा 16वां कृषि नेतृत्व पुरस्कार 2025 प्राप्त हुआ ।
- **सीएसआईआर-एनएमएल**

- डॉ. अवनीश को धातुकर्म और सामग्री अभियांत्रिकी में आईईआई यंग इंजीनियर्स अवार्ड 2025-26 प्राप्त हुआ ।

**विभाग का कार्यकलाप**

वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग, कॉर्पोरेट कंपनियों, वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान संगठनों (एसआईआरओ) द्वारा स्थापित आंतरिक अनुसंधान एवं विकास इकाइयों को मान्यता प्रदान करने और अस्पतालों को छोड़कर विश्वविद्यालयों, आईआईटी, आईआईएससी, क्षेत्रीय इंजीनियरिंग कॉलेजों (आरईसी) जैसे सार्वजनिक वित्त पोषित अनुसंधान संस्थानों को पंजीकरण प्रदान करने के लिए नोडल विभाग है। वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग से मान्यता प्राप्त अनुसंधान एवं विकास इकाइयाँ उद्योग द्वारा किए गए अनुसंधान एवं विकास व्यय पर सीमा शुल्क और भारित कर कटौती के लिए पात्र हैं।

**<u>औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास संवर्धन कार्यक्रम (आईआरडीपीपी)</u>**

**उद्योग में आंतरिक अनुसंधान एवं विकास की मान्यता/पंजीकरण और नवीनीकरण**

- उद्योगों की 18 आंतरिक अनुसंधान एवं विकास इकाइयों को मान्यता प्रदान की गई एवं पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रदान किए गए**।**
- उद्योगों की 100 आंतरिक अनुसंधान एवं विकास इकाइयों की मान्यता का नवीकरण और पंजीकरण प्रमाणपत्रों का नवीकरण किया गया।

**वैज्ञानिक और औद्योगिक संगठन (सिरो)**

- 14 एसआईआरओ को मान्यता प्रदान की गई तथा 9 एसआईआरओ को पंजीकरण प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।
- 32 एसआईआरओ को मान्यता का नवीकरण प्रदान किया गया तथा 22 एसआईआरओ को पंजीकरण प्रमाणपत्र का नवीकरण प्रदान किया गया।

**सार्वजनिक वित्त पोषित अनुसंधान संस्थान (पीएफआरआई)**

- 5 पीएफआरआई **के** पंजीकरण प्रमाणपत्र का नवीकरण प्रदान किया गया ।

**आईटी अधिनियम 1961 की धारा 35(2एबी) के तहत वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए राजकोषीय प्रोत्साहन**

- उद्योगों की 3 इन-हाउस आरएंडडी इकाइयों को फॉर्म 3 सीएम में अनुमोदन प्रदान किया गया

और 5 इन-हाउस आरएंडडी इकाइयों को आईटी अधिनियम 1961 की धारा 35(2एबी) के तहत अनुमोदन का विस्तार प्रदान किया गया।

- आईटी अधिनियम 1961 की धारा 35(2एबी) के तहत कर लाभ के लिए 566.61 करोड़ रुपये के अनुसंधान एवं विकास व्यय को प्रमाणित करने वाली फॉर्म 3 सीएल में 21 रिपोर्टें ।

**डीएसआईआर केंद्रीय क्षेत्र योजना 'औद्योगिक अनुसंधान और विकास (आईआरडी)'** में चार उप-योजनाएं शामिल हैं ( i ) इंडिविजुएल्स, स्टार्ट-अप और एमएसएमई (पीआरआईएसएम) में नवाचारों को बढ़ावा देना, जिसमें नवीन विचारों को प्रदर्शन योग्य कार्यशील मॉडल / प्रोटोटाइप / प्रक्रियाओं में परिवर्तित करने के लिए स्वतंत्र नवप्रवर्तकों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है जो नए या बेहतर उत्पादों, प्रक्रियाओं या सेवाओं का रूप ले सकते हैं; और उन्हें इनक्यूबेटी /टेक्नो-उद्यमी बनने में सहायता प्रदान करना (ii) पेटेंट अधिग्रहण और सहयोगात्मक अनुसंधान और प्रौद्योगिकी विकास (पीएसीई), जिसमें नवीन प्रौद्योगिकियों के विकास और प्रदर्शन के लिए उद्योगों और संस्थानों को सहायता प्रदान की जाएगी, (iii) औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास और सामान्य अनुसंधान सुविधाओं का निर्माण (बीआईआरडी), जिसमें उद्यमियों और उद्योगों द्वारा उपयोग के लिए सामान्य अनुसंधान और प्रौद्योगिकी विकास केंद्रों (सीआरटीडीएच) के निर्माण के लिए सहायता प्रदान की जाएगी और (iv) प्रौद्योगिकी विकास और प्रसार के लिए ज्ञान तक पहुंच (ए2के+) जिसमें औद्योगिक अनुसंधान के आगामी क्षेत्रों में अध्ययन और सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे, इसके अलावा महिलाओं के लिए प्रौद्योगिकी विकास और उपयोग कार्यक्रम (टीडीयूपीडब्ल्यू) शुरू किया जाएगा।

**इंडिविजुएल्स, स्टार्ट-अप्स और एमएसएमई में नवाचार को बढ़ावा देना (प्रिज्य):**

निम्नलिखित दो परियोजनाएं सफलतापूर्वक पूरी की गईं:

- ट्यून्ड मास डैम्पर का उपयोग करके भवनों का गतिशील प्रतिक्रिया नियंत्रण
- टूलींग और मशीन भागों के पहनने के प्रतिरोध को बढ़ाने के लिए एक नवीन प्रसार कोटिंग प्रक्रिया

**ए2के+ अध्ययन:**

- माह के दौरान निम्नलिखित चल रहे अध्ययनों की समीक्षा की गई:
  - "महिलाएँ और प्रौद्योगिकी: महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण के लिए एसटीआई निवेश और नीतिगत दूरदर्शिता" पर

अध्ययन जेएनयू, नई दिल्ली को प्रदान किया गया। यह अध्ययन महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण के लिए एसटीआई निवेश और नीतिगत दूरदर्शिता पर केंद्रित है।

- "भारत में अस्पतालों के अपशिष्ट जल के पुनर्चक्रण और पुनः उपयोग को बढ़ावा देने हेतु स्वदेशी विकास झिल्लियों पर शोध" विषय पर अध्ययन एसआरएम विश्वविद्यालय, सोनीपत को प्रदान किया गया । यह अध्ययन भारत के स्मार्ट सिटी मिशन में योगदान देने पर केंद्रित है।

- एनआईटी, राउरकेला में दिनांक 26.07.2025 को "भारत के स्मार्ट शहरों में स्मार्ट नगरपालिका सेवाओं के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग आधारित प्रौद्योगिकियों के एकीकरण के लिए रोडमैप" शीर्षक से चल रहे अध्ययन के तहत एक बहु-हितधारक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

**महिलाओं के लिए प्रौद्योगिकी विकास और उपयोग कार्यक्रम (टीडीयूपीडब्ल्यू) :**

टीडीयूपीडब्ल्यू कार्यक्रम की तकनीकी सलाहकार समिति (टीएसी) की 17 वीं बैठक 2 और 3 जुलाई 2025 को हाइब्रिड मोड पर आयोजित की गई। बैठक में 33 परियोजना प्रस्तावों पर चर्चा की गई और वित्तीय सहायता के लिए 9 प्रस्तावों की सिफारिश की गई। जुलाई, 2025 के दौरान लगभग 183 महिला लाभार्थियों को टीडीयूपीडब्ल्यू कार्यक्रम के तहत समर्थित विभिन्न चालू परियोजनाओं के तहत रेशम उत्पादन, जलीय कृषि, खाद्य सुदृढ़ीकरण और प्रसंस्करण, खाने के लिए तैयार भोजन की तैयारी और पैकेजिंग, कागज रीसाइक्लिंग, हस्तशिल्प/हथकरघा, कृषि प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रशिक्षित किया गया।+

**एशियाई एवं प्रशांत प्रौद्योगिकी हस्तांतरण केंद्र (एपीसीटीटी):**

- डीएसआईआर ने बौद्धिक संपदा परिसंपत्तियों के व्यावसायीकरण पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में अपने नवाचारों को प्रदर्शित करने के लिए ग्रीन हाइड्रोजन और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के क्षेत्र में दो नवप्रवर्तकों को नामित किया है, जिसका विषय " फिलिपीनेक्स्ट : फिलीपींस की प्रौद्योगिकियों की अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी" है, जो 14 से 17 जुलाई 2025 तक ओकाडा मनीला, फिलीपींस में आयोजित किया जाएगा।
- डीएसआईआर ने "कजाकिस्तान का प्रस्ताव - तदर्थ कार्य समूह की बैठक और रोडमैप" और "सतत विकास के लिए प्रस्तावित डिजिटल समाधान केंद्र पर व्याख्यात्मक नोट (संस्करण 2 जुलाई 2025)" पर टिप्पणियां प्रदान कीं।

**अन्य विभागीय कार्यकलाप: आपदा प्रबंधन योजना:**

विभाग ने अपने स्वायत्त निकाय सीएसआईआर और सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों- सीईएल एवं एनआरडीसी के साथ मिलकर दिनांक 31.07.2025 को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के साथ व्यापक आपदा प्रबंधन योजना पर चर्चा की। बैठक में डीएसआईआर, सीएसआईआर-सीबीआरआई, एनआरडीसी और सीईएल के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

**<u>सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम</u>**

**सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (सीईएल)**

सीईएल, डीएसआईआर के अंतर्गत एक उद्यम है जिसका उद्देश्य देश में राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं और अनुसंधान एवं विकास संस्थानों द्वारा विकसित स्वदेशी तकनीकों का व्यावसायिक उपयोग करना है। सीईएल ने अपने स्वयं के अनुसंधान एवं विकास प्रयासों के माध्यम से कई उत्पाद विकसित किए हैं और सौर फोटोवोल्टिक प्रणालियों, रेलवे के लिए इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स और अन्य रणनीतिक इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों/घटकों के क्षेत्र में अपनी अग्रणी भूमिका पर विशेष ध्यान केन्द्रित किया है।

- कंपनी ने माह के दौरान 1581.15 लाख रुपये मूल्य के इलेक्ट्रॉनिक घटक/प्रणालियां/एसपीवी उत्पाद निर्मित किए।

- माह के दौरान 1751.02 लाख रुपये मूल्य के इलेक्ट्रॉनिक घटकों/प्रणालियों/एसपीवी
- उत्पादों की बिक्री हुई।

**राष्ट्रीय अनुसंधान विकास निगम (एनआरडीसी)**

निगम ने अनुसंधान एवं विकास संस्थानों, विश्वविद्यालयों और उद्योग के साथ दीर्घकालिक संबंधों को पोषित करके प्रौद्योगिकी संसाधन आधार को व्यापक और मजबूत बनाने पर जोर देना जारी रखा।

- निगम ने निम्नलिखित प्रौद्योगिकियों को लाइसेंस दिया:

    - कच्चे केले का पाउडर (कच्चा ) मेसर्स क्षेत्रग्रा एक्रोनिम प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद
    - निर्जलित फल और सब्जियां ( प्याज, केला, अंगूर, आलू, मटर, हरी मिर्च) मेसर्स क्षेत्रग्रा एक्रोनिम प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद को लाइसेंस दिया गया।
    - मेसर्स वेरी आयुस्ट्रक्ट वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड, विशाखापत्तनम को "डीप सी बैक्टीरिया से पुनः संयोजक एक्टोइन " तकनीक का ठेका दिया गया।

- निगम ने प्रौद्योगिकी लाइसेंसिंग और आईपीआर सहायता प्रदान करने के लिए निम्नलिखित संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

    - टोकलाई चाय अनुसंधान संस्थान, जोरहाट
    - राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड, विशाखापत्तनम
    - आई तमिलनाडु प्रौद्योगिकी केंद्र, चेन्नई
    - दून विश्वविद्यालय, देहरादून
    - डॉ. के. पिल्लई ( व्यक्तिगत आविष्कारक), केरल

*****